पर्यटन विभाग द्वारा दिल्ली में विक्रय केन्द्र से शराब की बिक्री

2682. **श्रीमती रेणुका चौधरी :** क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली मे पर्यटन विभाग द्वारा विक्रय केन्द्र स्थापित कर शराब बिक्री की व्यवस्था सचालित की गई है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्ष पूर्व इन बिक्री केन्द्रो (दुकानो) की संख्या क्या थी और उनके द्वारा कितने मूल्य की शराब वार्षिक बेची जाती थी, इन तीन अंतिम वर्षों में प्रत्येक वर्ष कितनी और नई दुकान स्थापित की गई ; और

(ग) उन्हे स्थापित करने का आधार क्या था और इनके द्वारा कितने मूल्य की शराब वार्षिक तौर पर बेची गई ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) जी, नही । संघ शासित प्रदेश दिल्ली मे शराब की बिक्री दिल्ली पर्यटन विकास निगम, दिल्ली राज्य औद्योगिक विकास निगम और दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा की जाती है।

(ख) और (ग) तीन वर्ष पूर्व शराब की दुकानो की संख्या 61 थी । गत तीन वर्षो के दौरान, इन शराब की दुकानों द्वारा प्रतिवर्ष बेची गयी शराब का कुल मूल्य और नयी खोली गयी दुकानो की वर्ष-वार संख्या इस प्रकार है :—

वर्ष	बेची गयी शराब का मूल्य	नई खोली गयी दुकानों की संख्या
	(करोड़ रुपयो मे)	
1984–85	59.63	7
1985–86	69.82	2
1986–87	91.25	15

शराब की दुकान स्थापित करने की आबकारी नीति के अनुसार स्थापित की गई थी ।

तीसरा अन्तर्राष्ट्रीय बलून मेला

2683. **श्री अजीत सिंह :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अभी हाल ही मे भारत में तीसरा भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय बलून मेला का आयोजन किया गया , और

(ख) यदि हां, तो इस आयोजन में भारत और विश्व के कितने और कहा-कहा के प्रतिनिधियो ने भाग लिया एवं इस मेले के आयोजन पर कुल कितनी राशि व्यय की गई ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्यक्रम और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मार्ग्रेट आलवा) : जी हा, तीसरा भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय बैलून मेला" 87 भारत मे 11 नवम्बर से 17 नवम्बर, 1987 तक भारतीय बैलूनिंग क्लब द्वारा आयोजित किया गया था ।

(ख) 9 देशो (आस्ट्रिया, इगलैंड, फ्रांस, पश्चिम जर्मन, हगरी, केन्या, स्विटजरलैण्ड, यू० एस० ए० और भारत) ने इस मेले मे भाग लिया था। भाग लेने वालों की कुल संख्या 110 थी, जिससे 26 भारत के थे । इस मेले के आयोजन पर लगभग 8.00 लाख रुपये खर्च होने की सम्भावना है ।

रेलवे भर्ती बोड द्वारा तमिलनाडु में गैर-तकनीकी परीक्षाओं का आयोजन

2684. **श्री अजीत सिंह :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा गैर-तकनीकी परीक्षाएं तमिलनाडु में अभी हाल ही मे आयोजित की गई थी ;